दैनिक
CIN-No-UT4999RJ2020PTC0679
UN NO-200022186
राजस्थान,दिल्ली,छत्तीसगढ़ से एकसाथ प्रकाशित
Tital Code:RAJHIN27921

# मरुधर विशेष

Marudharvishesh@gmail.com
मो.7014373732



वर्ष: 01 | अंक: 151 | जयपुर | 10 जनवरी 2023 | मंगलवार | मूल्य: रु. 5 | पृष्ठ: 04

## बाजरे के उत्पादन को बढ़ावा दें: नरेंद्र मोदी



जयपुर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाजरे को दुनिया की अगली पीढ़ी का मुख्य भोजन बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा सहित देश के सभी मुख्य सचिवों को कहा है कि वे बाजरे के उत्पादन को बढ़ावा दें। इसे अगली पीढ़ी की भोजन थाली का हिस्सा बनाएं। हाल ही दिल्ली में हुई मुख्य सचिव नेशनल कॉन्फ्रेंस में देशभर के मुख्य सचिव शामिल हुए थे। संयुक्त राष्ट्र संघ ने हाल ही वर्ष 2023 को वैश्विक बाजरा वर्ष घोषित किया है। अब मुख्य सचिव उषा शर्मा इस विषय में जल्द ही एक कार्ययोजना कृषि विभाग के साथ तय करेंगी। वे गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री के साथ मुख्य सचिवों की बैठक में शामिल हुई थीं। यह भी संभव है कि राजस्थान के कृषि बजट में बाजरे को लेकर कोई विशेष योजना भी सामने आए। पीएम ने जोर देकर कहा है कि बाजरा न केवल किसानों की समृद्धि के द्वार खोल सकता है, बल्कि अन्य फसलों के बजाय इसे उगाने में पानी की बहुत कम आ?वश्यकता होती है। कैलोरीज के हिसाब से भी यह अन्य अनाजों की तुलना में ज्यादा पौष्टिक है। मोदी ने अन्य राज्यों खासकर उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र के मुख्य सचिवों को भी कहा है कि वे बाजरे के उत्पादन और उसके चलन को बढ़ावा दें। इन राज्यों में भी राजस्थान की ही तरह बाजरा एक प्रमुख फसल है। अब राजस्थान में इसे लेकर आगे क्या किया जाएगा, यह अभी तय नहीं है लेकिन बाजरा यहां सदियों से मुख्य भोजन रहा है। अब हाल के 40-45 वर्षों में राजस्थान में गेहूं मुख्य भोजन हो गया है। मुख्य सचिव शर्मा जल्द ही सीएम गहलोत को प्रधानमंत्री के साथ हुए सम्मेलन और वहां सामने आए मुद्दों पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगी। बाजरा उत्पादन में राजस्थान पूरे देश में अव्वल है। राजस्थान के बाद उत्तरप्रदेश, गुजरात व मध्यप्रदेश का स्थान है। वनस्पति-कृषि वैज्ञानिक प्रो. एन. एस. राठौड़ (पूर्व कुलपति-कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, जयपुर) ने भास्कर को बताया कि बाजरा 5-एफ (फूड-भोजन, फैब्रिक-कपड़ा, फर्टिलाइजर-खाद, फ्यूल-ईंधन, फॉडर-चारा) की जरूरतों को पूरा करने वाला अनाज है। बाजरे का उत्पादन और खपत बढ़ने से पानी की भी बचत होगी और कम भूमि से ज्यादा लोगों की खाद्यान्न जरूरतें पूरी हो सकेंगी।

# पेपर लीक के आरोपियों के कोचिंग सेंटर पर चला बुलडोजर

## जेडीए ने 5 मंजिला कोचिंग बिल्डिंग पर बुलडोजर चला धराशायी कर दिया





जयपुर. सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले में शामिल भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका के जयपुर स्थित अधिगम कोचिंग इंस्टीट्यूट पर आज जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने एक्शन लिया है। जेडीए ने कोचिंग की बिल्डिंग पर बुलडोजर चलाया और करीब सवा दो घंटे में पूरी 5 मंजिला बिल्डिंग को धराशायी कर दिया। दरअसल, यह इंस्टीट्यूट कॉर्नर के प्लॉट पर है और सर्विस रोड की जगह पर कब्जा करके बनाया गया है। इसके तीन कमरे और अन्य निर्माण को आज जेडीए ने जेसीबी और पोकलेन मशीनों से तोड़ दिया। जयपुर जेडीए ने इस 5 मंजिला बिल्डिंग को सवा दो घंटे में जमींदोज कर दिया। सुबह करीब 7:30 बजे टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान टीम के साथ 1 पोकलेन मशीन, 3 जेसीबी मशीन, 12 लोखंडा, 3 ड्रिल और 2 कटर मशीन के साथ 30 से ज्यादा लेबर थी। जिन्होंने 3 घंटे बाद सुबह 10.45 बजे पूरी बिल्डिंग को धाराशाई कर दिया। मंजिल दो पार्ट में बनी थी, जिसका पहला हिस्सा तो सुबह करीब 3 घंटे में ही गिरा दिया, लेकिन दूसरा हिस्सा गिराने में जेडीए को भारी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान पॉकलैण्ड चलाने वाला एक ड्राइवर तो आधा काम करके वापस चला गया। फिर दूसरा ड्राइवर बुलाया और काम शुरू करवाया। दूसरे हिस्से को गिराने के पीछे सबसे बड़ा डर बिल्डिंग का गिरने वाला मलबा था। काफी मशक्कत के बाद शाम करीब 4:15 बजे बिल्डिंग के दूसरे हिस्से को भी धराशायी कर दिया। सबसे पहले सर्विस रोड पर अवैध कब्जा करके बनाए गए निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई थी।

### बिल्डिंग बिना अनुमति और बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करके बनाई

जेडीए के एन्फोर्समेंट विंग के चीफ रघुवीर सैनी ने बताया हमने टेक्निकल टीम से तीन दिन पहले बिल्डिंग की जांच करवाई थी। इसमें पाया गया था कि बिल्डिंग जेडीए से बिना अनुमति और बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करके बनाई गई है। ये इमारत दो आवासीय प्लॉट को जोड़कर बनाई गई है, जबकि इसका कॉमर्शियल उपयोग हो रहा है। उन्होंने बताया कि पूरी जांच के बाद हमने बिल्डिंग मालिक अनिल अग्रवाल और कोचिंग संचालक भूपेन्द्र सारण, सुरेश ढाका, धर्मेंद्र चौधरी सहित को नोटिस जारी करके 8 जनवरी तक जवाब पेश करने का समय दिया था। इसी के चलते आज हमने कार्रवाई शुरू की है।

### जेडीए कार्यवाही करता है तो उससे पहले पीड़ित का पक्ष सुनना होगा

कोचिंग किराए की बिल्डिंग में चल रही थी। इमारत तोड़ने के खिलाफ इसके मालिक अनिल अग्रवाल ने जेडीए ट्रिब्यूनल में पीठासीन अधिकारी नंदनी व्यास की कोर्ट में याचिका भी दायर की है। इस मामले में आज सुनवाई हुई। सुनवाई में अग्रवाल के वकील सोहन सोलंकी ने बताया कि जेडीए ने हमें अवैध निर्माण तोड़ने का समय नहीं दिया, हम अपने स्तर पर अवैध निर्माण हटा लेते। वहीं, सुनवाई में अपना पक्ष रखते हुए जेडीए ने कहा कि बिल्डिंग का अधिकांश हिस्सा गिराया गया था, बचे हुए हिस्से से जनहानि हो सकती थी, इसलिए इसे पूरा गिराना जरूरी था। इस पर कोर्ट ने पूरी सुनवाई के बाद जेडीए को आदेश दिए कि जो बिल्डिंग टूट चूकी है, उसका मलबा 2 दिन में हटाया जाए, ताकि यातायात आवागमन वहां सुचारू हो सके। इसके साथ ही भविष्य में भूखण्ड के टाइटल या अन्य तकनीकी पहलुओं पर जेडीए कार्यवाही करता है तो उससे पहले पीड़ित का पक्ष सुनना होगा। जेडीए की टेक्नीकल टीम की जांच में सामने आया था कि बिल्डिंग को दो रेसिडेंसियल प्लॉट जोड़कर करीब 500 वर्गगज क्षेत्रफल में बनाया गया। इस निर्माण के दौरान एक भूखंड पर 8 फीट, जबकि दूसरे पर 10 फीट पर जीरो सेटबैक में कवर करके निर्माण किया गया। जो बिल्डिंग नियमों के मुताबिक अवैध है।

## सरस दूध के सभी ब्रांड महंगे हुए

जयपुर. जयपुर डेयरी ने सरस दूध (नीली थैली) पर 2 रुपए बढ़ाने के बाद अब एक ही दिन में गोल्ड, स्टेण्डर्ड (हरी थैली) और डीटीएम (पीली थैली) की भी कीमतों में 2 रुपए लीटर का इजाफा कर दिया है। नीली थैली पर बढ़ी हुई दरें आज शाम से लागू हो गई, जबकि दूसरे ब्रांड की जो कीमतें बढ़ाई हैं, वह 10 जनवरी की शाम से लागू होगी। ये बढ़ी हुई कीमतें जयपुर और दौसा जिलों के लिए हैं। जयपुर डेयरी से जारी आदेशों के मुताबिक सोमवार शाम से टोंड दूध की एक लीटर की थैली 48 रुपए के बजाय 50 रुपए में, जबकि आधा लीटर की थैली 24 रुपए की जगह 25 रुपए में मिलेगी। टोंड की बढ़ी हुई दरें आज शाम से लागू हो गई है। वहीं सरस का गोल्ड दूध एक लीटर 62 रुपए की जगह 64 रुपए, जबकि आधा लीटर दूध 31 रुपए की जगह 32 रुपए में मिलेगा। वहीं स्टेण्डर्ड दूध (हरि थैली) 54 रुपए की जगह 56 रुपए लीटर मिलेगी, जबकि आधा लीटर 27 की जगह 28 रुपए में मिलेगा। वहीं स्मार्ट (डीटीएम) दूध 40 रुपए लीटर के बजाए 42 रुपए और आधा लीटर 20 रुपए की जगह 21 रुपए में मिलेगा। इसी तरह गाय का आधा लीटर दूध का पैक अब 25 रुपए की जगह 26 रुपए में मिलेगा। इन ब्रांड की बढ़ी हुई दरें 10 जनवरी की शाम से लागू होगी। दूध की कीमतें बढ़ने के पीछे कारण दूध की सप्लाई का प्रभावित होना बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक राजस्थान के अन्य शहरों में भी दूध के दाम बढ़ सकते हैं। पिछले साल लंपी वायरस के कहर के कारण जयपुर, दौसा समेत पूरे प्रदेश में कई जगह हजारों गाय मर गई थीं। इसके कारण डेयरी में दूध की सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके अलावा दूसरा बड़ा कारण मदर और अमूल डेयरी की ओर से दिसंबर में दूध की कीमतों में की गई बढ़ोतरी बताया जा रहा है।



# राजस्थान की योजनाओं की पूरे देश में चर्चा:अशोक गहलोत



जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राजस्थान में लागू जनकल्याणकारी योजनाएं आज पूरे देश में चर्चा का विषय है। बिजली, पानी से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा तक हर क्षेत्र में राज्य मॉडल स्टेट बन कर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जनहित में संचालित योजनाओं के लिए बजट की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। गहलोत सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आये जनप्रतिनिधियों और आमजन को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उड़ान योजना के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को प्रतिमाह 12 सैनेटरी नैपकिन निःशुल्क दिए जा रहे हैं, जिससे उनका स्वास्थ्य प्रबंधन बेहतर हुआ है। इंदिरा रसोइयों में आमजन को 8 रुपए में पौष्टिक भोजन परोसा जा रहा है। राज्य सरकार प्रत्येक थाली पर 17 रुपए अनुदान दे रही है। राज्य में 211 नए कॉलेज खोले गए हैं, जिनमें 94 गर्ल्स कॉलेज भी शामिल हैं। विद्यालय में 500 बालिकाओं के नामांकन पर कॉलेज खोलने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। उन्होंने कहा कि गत सरकारों द्वारा देश में भोजन, रोजगार, शिक्षा आदि अधिकार कानून बनाकर आमजन को दिए गए हैं। इसी प्रकार केन्द्र सरकार को सामाजिक सुरक्षा का अधिकार कानून बनाकर देशवासियों को देना चाहिए। प्रदेश में राज्य सरकार एक करोड़ वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पेंशन दे रही है, ताकि उनको आर्थिक संबल मिल सके। मानवीय दृष्टिकोण से पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की गई है। इससे सरकारी कार्मिकों में अपने भविष्य के प्रति सुरक्षा की भावना आई है। आरजीएचएस के माध्यम से राजकीय कार्मिकों का कैशलेस उपचार किया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से आमजन को महंगे इलाज की चिंता से मुक्ति मिली है। इस योजना के तहत प्रदेशवासियों के लिए 10 लाख तक का इलाज निःशुल्क कर दिया गया है। लीवर ट्रांसप्लांट, किडनी ट्रांसप्लांट, कोक्लियर इम्प्लांट जैसे अंग प्रत्यारोपण वाले उपचारों में 10 लाख की सीमा समाप्त कर दी गई है एवं पूरा खर्चा सरकार वहन कर रही है। आमजन के लिए आईपीडी-ओपीडी उपचार, सभी प्रकार की दवाइयां और महंगी जांचें निःशुल्क कर दी गई हैं। साथ ही, प्रदेशवासियों को 5 लाख का दुर्घटना बीमा भी दिया जा रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने प्रदेशभर से आए प्रतिनिधिमण्डलों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनी और उचित समाधान का आश्वासन दिया। इनमें रैगर महासभा अध्यक्ष बीएल नवल, इंटक प्रतिनिधि मण्डल, राजस्थान सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संस्थान, नवविकल्प संस्थान के हरीश भूटानी, माली समाज विकास संस्थान सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और विभिन्न क्षेत्रों से जुडे. लोग शामिल थे। इस अवसर पर राजकीय कार्मिकों ने पुरानी पेंशन योजना लागू करने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा, आरटीडीसी चैयरमेन धर्मेन्द्र राठौड़, विधायक अनिल शर्मा, मनोज मेघवाल, विभिन्न जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## नई जमीन एक्वायर करने के लिये भी देखा मौका

# आवासन आयुक्त ने उदयपुर मेंमण्डल की विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



जयपुर। राजस्थान आवासन मण्डल आयुक्त पवन अरोडा द्वारा सोमवार को उदयपुर स्थित मण्डल की भीण्डर, पानेरियों की मादडी, सेक्टर-11 एवं दक्षिण विस्तार योजना का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।आवासन आयुक्त ने कहा कि उदयपुर में लगभग 20 हजार वर्ग मीटर भूमि पर 50 से अधिक विला एवं 250 फ्लेट्स आवासीय योजना लाई जाएगी। उन्होंने हिरण मगरी सेक्टर-11 में एस प्लस 6 श्रेणी के 3 बीएचके के 24 फ्लेट्स की योजना को शीघ्र प्रारम्भ करने के भी निर्देश दिये। पवन अरोड़ा ने बताया कि भीण्डर योजना में मण्डल को आपसी सहमति से प्राप्त होने वाली 60 बीघा भूमि के प्रस्ताव मुख्यालय भिजवाने के लिये भी निर्देशित कर दिया गया है। उन्होंने खातेदारों के प्रतिनिधि मण्डल से मिलकर मौके पर ही सडक निर्माण में आ रही बाधाओं को मौके पर निराकरण किया।आयुक्त ने पनेरियों की मादडी में 100 फीट चौडी सडक के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया और जिस सडक को बनाने में किसानों का अवरोध आ रहा था वहीं उनके मुआवजे के प्रकरण का मौके पर ही निस्तारण भी किया। मण्डल द्वारा खातेदारो की अवाप्तशुदा भूमि के बदले विकसित भूखण्डो के आवंटन पत्र शीघ्र ही मुख्यालय से जारी करवाने का आश्वासन भी किसानों को दिया गया।आवासन आयुक्त ने बताया कि दक्षिण विस्तार योजना में नये निर्मित 112 फ्लेट्स का निरीक्षण कर शीघ्र आवंटियो को कब्जा मलमास के बाद सुपुर्द कर दिये जाएंगे। उन्होंने निमार्णाधीन 56 फ्लेट्स का निरीक्षण कर कार्य पर संतुष्टि जताई। इस दौरान उप आवासन आयुक्त जी. एस. भाटी, आवासीय अभियंता डी.सी. अग्रवाल, बी.डी. शर्मा एवं एम के जैन एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सिगड़ी के धुएं में दम घुटने से 5 की मौत

चूरू. राजस्थान में सिगड़ी (अंगीठी) के धुएं से दम घुटने की दो घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। चूरू जिले के रतनगढ़ में सर्दी से बचने के लिए कमरे में सिगड़ी जलाकर सोए परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। 3 महीने के मासूम की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं बीकानेर में ऐसी ही घटना में पति-पत्नी की मौत हो गई। रतनगढ़ सीआई सुभाष बिजारणिया ने बताया कि रविवार रात को गौरीसर गांव निवासी अमरचंद प्रजापत की पत्नी सोना देवी (58), बहू गायत्री देवी (36) पति राजकुमार, पोती तेजस्विनी (3) और 3 महीने का पोता खुशीलाल एक कमरे में सो रहे थे। रात को सर्दी से बचने के लिए सास-बहू ने कमरे में सिगड़ी जला रखी थी। सोमवार सुबह करीब 8 बजे तक उनके कमरे का गेट नहीं खुला तो अमरचंद ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई आवाज नहीं आई। अमरचंद ने खिड़की तोड़कर देखा तो सभी लोग चारपाई पर सोते नजर आए। कोई हलचल नहीं थी। 3 महीने का पोता खुशीलाल रो रहा था। अमरचंद खिड़की से कमरे में घुसा। पत्नी, बहू और पोती मृत पड़े थे। दादा ने 3 महीने के पोते खुशीलाल को बाहर निकाला। पड़ोसी बच्चे को अस्पताल ले गए। बच्चे की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसको चूरू के डीबी अस्पताल रेफर कर दिया। यहां बच्चे को वेंटिलेटर पर रखा गया है।



## सम्पादकीय

### देवभूमि उत्तराखंड का सिस्टम पुरानी आपदाओं से सबक नहीं लेकर नयी मुसीबत को निमंत्रण देता है

इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती पिछले कुछ दिनों से ही लगातार शासन-प्रशासन को चेता रहे थे, लेकिन फिर भी ना जाने क्यों सिस्टम कुंभकर्णी नींद में ही सोता रहा।जगत गुरु शंकराचार्य की तपो भूमि जोशीमठ आज भू-धंसाव के बड़े खतरे के मुहाने पर आ गया है। देश के भू विज्ञानी इसका कारण जाने के लिए प्रयास कर रहे हैं। वैसे देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न प्रकार की छोटी व बड़ी विकास परियोजनाएं चल रही हैं, लेकिन उनमें से वास्तव में बहुत ही कम परियोजनाएं ऐसी होंगी जिसमें प्रकृति के साथ पूरी तरह से सामंजस्य बनाकर के कार्य किया गया हो। हर तरफ अंधाधुंध अव्यवस्थित विकास की अंधी दौड़ में हम व हमारे देश का सिस्टम प्रकृति के साथ कदम ताल मिलाते हुए सामंजस्य बिठाकर कार्य करना भूलता जा रहा है। हालांकि समय-समय पर प्रकृति निरंतर चेतावनी भी देती रहती है, लेकिन फिर भी ना जाने क्यों हम लोगों के व हमारे देश के सिस्टम के कानों पर जूं नहीं रेंगती है।

आज उसी का परिणाम यह है कि उत्तराखंड फिर से अंधाधुंध दोहन व अव्यवस्थित विकास का बड़ा खामियाजा भुगतने के मुहाने पर आकर खड़ा हो गया है। उसी लापरवाही के चलते धीरे-धीरे अब जोशीमठ में यह हालात हो गये हैं कि जोशीमठ जैसा प्राचीन शहर कभी भी धंसकर मिट्टी में मिल सकता है, क्योंकि जोशीमठ में जमीन धंसने का सिलसिला अब भी लगातार बढ़ता ही जा रहा है, घरों में व सड़कों पर जमीन धंसने के सबूत के रूप में जगह-जगह बड़े पैमाने पर छोटी व बड़ी दरारें देखी जा सकती हैं। खबरों की मानें तो अब तक लगभग 620 घरों में दरारें आ चुकी है, कुछ जगहों पर दरारों में से जल रिसाव तक भी हो रहा है। रिसाव हो रहे जल को जांच के लिए भिजवाया गया है। इस स्थिति के चलते शहर की बड़ी आबादी के सिर पर खतरा मंडरा रहा है। हालांकि प्रशासन अब पल-पल की स्थिति पर नजर रखे हुए है, उसने खतरे वाले बहुत सारे घरों को खाली करवा लिया है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया, साथ ही प्रशासन ने उस क्षेत्र में चल रहे एनटीपीसी व सड़क के विभिन्न निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवा दिया है। इस गंभीर समस्या के समाधान के लिए ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती पिछले कुछ दिनों से ही लगातार शासन-प्रशासन को चेता रहे थे, लेकिन फिर भी ना जाने क्यों सिस्टम कुंभकर्णी नींद में ही सोता रहा। जिसके चलते ही जोशीमठ क्षेत्र में दुर्घटनाओं की आशंकाओं से भयभीत शहरवासी कुछ दिनों से सड़कों पर आंदोलनरत होकर कड़ाके की ठंड में ठिठुरते हुए रात गुजारने के लिए मजबूर हैं। हालांकि वैसे देखा जाए तो विकास के नाम पर हो रही बंदरबांट, लापरवाही, भ्रष्टाचार और लोभ-लालच ने हिमाचल की गोद में बसे हुए उत्तराखंड के बहुत सारे इलाकों को विकास की आड़ में खोखला करने का कार्य किया है। धरातल पर स्थिति का आकलन करें तो उत्तराखंड का जोशीमठ शहर मनुष्य के द्वारा प्रकृति के गलत ढंग से दोहन का आज एक बड़ा उदाहरण बन गया है। लोगों व सिस्टम के द्वारा इस क्षेत्र में किये गये अव्यवस्थित विकास की भेंट चढ़ने के पायदान पर आकर आज जोशीमठ जैसा बड़ा शहर भी खड़ा हो गया है, जो बहुत ही चिंताजनक है।

हालांकि पहले भी उत्तराखंड के निवासियों ने समय-समय पर कई छोटी बड़ी आपदाओं को बेहद करीब से देखा है। राज्य की जनता ने केदारनाथ जैसी दैवी आपदा के दुःख दर्द को भी झेला है। उसके बाद भी राज्य में अंधाधुंध अव्यवस्थित निमार्ण कार्य जगह-जगह भू-खनन व पहाड़ों को काट कर सड़कों के चौड़ी करण के कार्यों में बड़े पैमाने पर नियमों का उल्लघंन करके प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। राज्य में विकास के नाम पर शहर व बहुत सारे गांवों का अस्तित्व या तो खतरे में है या समाप्त हो गया है।

### एक राष्ट्र की परिकल्पना को बचाये रखने के लिए गांधी जी की विचारधारा और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना जरूरी

जयपुर। जब अँधेरा गहरा होता है तभी दिये का महत्त्व समझ में आता है, वर्तमान समय में एक राष्ट्र की परिकल्पना को बचाये रखने के लिए गांधी जी की विचारधारा और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना जरूरी है। ये विचार महात्मा गांधी के प्रपौत्र तुषार गांधी ने आज जयपुर स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एन्ड सोशल साइंसेज के भ्रमण के दौरान पत्रकारों के साथ बातचीत में व्यक्त किये। तुषार गांधी विदेशी गांधीवादी विचारकों के साथ गांधी लीगेसी टूर



2023 के तहत भ्रमण पर आये थे। इस 19 सदस्यीय दल में भारत के अलावा संयुक्त राज्य अमेरिका,फ्रांस और इजरायल के प्रतिनिधि शामिल थे। 29 दिसंबर को महाराष्ट्र से प्रारम्भ हुई यह यात्रा गुजरात,राजस्थान होते हुए 12 जनवरी को नई दिल्ली में समाप्त होगी। गांधी लीगेसी टूर यात्रा के बारे में बताते हुए तुषार गांधी ने कहा कि इस यात्रा की शुरूआत करीब 22-23 वर्ष पूर्व उनके पिता अरुण गांधी ने की थी। हर साल ये यात्रा देश की उन चुनिंदा जगहों और संस्थानों खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में जाती है जहां गांधीजी का ग्रामोद्धार का सपना साकार होता नजर आता है। तुषार गांधी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा महात्मा गांधी शांति एवं अहिंसा निदेशालय को एक विभाग के रूप में स्थापित करने के फैसले की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि गांधी जी का वंशज होना उनके लिए गर्व का विषय है ,मगर उनमें और आम भारतीय में कोई फर्क नहीं है,क्योंकि पूरा भारत गांधीजी को राष्ट्रपिता मानता है तथा उन पर सबका अधिकार है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को बापू की अहिंसा की विचारधारा को समझना और अपनाना चाहिए। इस अवसर पर महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एन्ड सोशल साइंसेज के निदेशक प्रोफेसर बी. एम. शर्मा ने बताया कि इंस्टीयूट में महात्मा गांधी समितियों और कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को गांधी दर्शन से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि युवाओं में गांधीवादी विचारधारा विकसित की जा सके. उन्होंने बताया कि जल्द ही संस्थान द्वारा गांधी दर्शन पर आधारित सर्टिफिकेट कोर्स भी शुरू किये जायेंगे। प्रोफेसर शर्मा ने पत्रकारों को इंस्टीट्यूट परिसर में बन रहे गांधी म्यूजियम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि करीब 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले म्यूजियम में गांधीजी की जीवन यात्रा को डिजिटल रूप से दशार्या जायेगा। म्यूजियम में गांधी आश्रमों की प्रतिकृति भी प्रदर्शित की जाएगी। इस दौरान महात्मा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नेंस एन्ड सोशल साइंसेज के प्रोफेसर डॉ. संजय लोढ़ा, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ज्योति अरुण एवं डॉ. सुमित्रनाथ झा भी उपस्थित थे।

### 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी एक अदभुत आयोजन

जयपुर। राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायधीश गोपालकृष्ण व्यास ने राजस्थान की मेजबानी में आयोजित की जा रही 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी की



व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह भविष्य में इस तरह के होने वाले आयोजनों के लिए एक अद्वितीय उदाहरण है। मुख्यमंत्री के निर्देशन में आयोजन स्थल पर की गई व्यवस्थाएं उच्च स्तरीय हैं। उन्होंने कहा कि यह जम्बूरी स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य के प्रबंधन कौशल का बेहतरीन उदाहरण है। न्यायधीश व्यास सोमवार को पाली जिले के निम्बली रोहट में आयोजित हो रही अठारहवीं राष्ट्रीय स्काउटस-गाइड में जम्बूरी देश विदेश से आये स्काउटस एंड गाइड्स को सम्बोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जम्बूरी स्टेट कॉर्डिनेटर टीकमचंद बोहरा सहित वरिष्ठ स्काउट अधिकारियों ने जस्टिस व्यास का स्वागत किया। इसके पश्चात व्यास जम्बूरी विजिट के लिए रवाना हुए। जस्टिस व्यास ने जम्बूरी स्थल पर विभिन्न प्रान्तों के पर स्काउट गाइड केम्पस लिया अवलोकन किया। व्यास ने जम्बूरी स्थल बने हॉस्पिटल पहुंच कर अवलोकन किया। वहां मौजूद मरीजों चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ से फीडबैक किया। इसके बाद व्यास ने एडवेंचर एक्टिविटीज का भी अवलोकन कर वहा मौजूद लोगो से संवाद किया। कार्यक्रम में एडवेंचर एक्टिविटीज, वाटर एक्टिविटीज हॉर्स, राइडिंग आदि में देश विदेश के स्काउटस में जबरदस्त क्रेज नजर आया।

# क्राइम ब्रांच आयुक्तालय जयपुर सी.एस.टी. के साथ थाना शास्त्रीनगर जयपुर में बैट्री चोरों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही

**मरुधर विशेष/महावीर सिंह**

थाना शास्त्रीनगर मे आरोपितगणों सौभाग मल नागर, सुरेन्द्र सिंह, मोहम्मद आकीब, मोहम्मद फरमान मलिक को किया गिरफ्तार।जयपुर शहर के विभिन्न एटीएम कक्ष से चुराई गई बैट्रीयाँ आरोपितगणों के कब्जें बरामदपुलिस उपायुक्त (अपराध) श्री परिस देशमुख ने बताया की जयपुर शहर में एटीएम से बैट्री चोरी की बढ़ती वारदातों को मध्यनजर रखते हुए क्राइम ब्रांच की सीएसटी को आसूचना संकलित कर वाहन चोरों के विरुद्ध पुख्ता कार्यवाही हेतु श्रीमती सुलेश चौधरी, अति. पुलिस उपायुक्त, संगठित अपराध, आयुक्तालय जयपुर के निकट सुपरविजन व श्री चिरंजीलाल मीणा, सहायक पुलिस आयुक्त, आयुक्तालय जयपुर के नेतृत्व में सी.एस.टी. आयुक्तालय जयपुर की टीम का गठन किया गया।

सीएसटी की ईकाई श्री पन्नालाल जांगिड़ पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। जिस पर गठित टीम द्वारा एटीएम बूथ से बैट्री चोरी करने वालों के विरूद्ध आसूचना प्राप्त की गई। प्राप्त आसूचना पर सीएसटी की गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपितगण 1. सौभाग मल नागर पुत्र श्री शंकर लाल नागर, 2 सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह, 3. मोहम्मद आकीय पुत्र श्री मोहम्मद इदरीश, 4. मोहम्मद फरमान मलिक पुत्र श्री. शाहबुद्दीन को दस्तयाब कर उनके कब्जे से 06 चोरी की बैट्रीयों बरामद करने में सफलता अर्जित की गयी। उक्त कार्यवाही में सीएसटी से हैड कानि. श्री हरिनारायण शर्मा व कानि. श्री जितेन्द्र कुमार यादव की अहम



गिरफ़्तार अभियुक्तगण पुलिस थाना शास्त्रीनगर

भूमिका रही।

### गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ में निम्न तथ्यों का खुलासा हुआ है

1. गिरफ्तार आरोपित सौभाग मल नागर पुत्र श्री शंकर लाल नागर मूलतः सांगानेर जयपुर का निवासी है। आरोपित जयपुर मे स्थित एटीएम बूथ से बैट्रीयॉ चोरी कर बेचना बताया। आरोपित ने जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर 21 एटीएम बूथ से बैट्रीयॉ चोरी करने की वारदात स्वीकार किया है। आरोपित सौभाग मल नागर के कब्जे से चोरी की 01 बैट्रीयाँ बरामद की गई।
2. गिरफ्तार आरोपित सुरेन्द्र सिंह पुत्र श्री प्रीतम सिंह मूलतः कटूम्बर जिला अलवर का निवासी है। आरोपित के कब्जे से 02 बैट्रीयॉ बरामद की गई।
3. गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद आकीब मूलतः जयपुर का मूल निवासी है। आरोपित के कब्जे से 02 बैट्रीयों बरामद की गई।
4. गिरफ्तार आरोपित मोहम्मद फरमान मलिक मूलतः उत्तरप्रदेश का निवासी है, आरोपित मोहम्मद फरमान मलिक जयपुर में किराये के मकान में निवास करता है। आरोपित के कब्जे से 01 बैट्री बरामद की गई।
5. आरोपितगणों सुरेन्द्र सिंह, मोहम्मद आकीब व मोहम्मद फरमान मलिक द्वारा आरोपित सौभाग मल नागर से एटीएम कक्ष की चोरी की बैट्रीयॉ खरीदना बताये ।

# थाना कोतवाली अयोध्या, एसटीएफ व आबकारी विभाग की सयुक्त टीम ने कुल 2447.64 लीटर की अवैध अंग्रेजी शराब कीमत लगभग 20 लाख रुपये के साथ 09 अभियुक्त गिरफ्तार

**मरुधर विशेष/शिवकुमार मौर्य**

शासन द्वारा चालये जा रहे नशा विरोधी अभियान के क्रम में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद अयोध्या के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध मादक पदार्थ व शराब निष्कर्षण के रोकथाम व श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी अयोध्या के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली अयोध्या की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की प्राप्त सूचना एस0टी0एफ उ.प्र. लखनऊ व आबकारी विभाग अयोध्या द्वारा कि हरियाणा से सीतामढी बिहार के लिए तस्करी करके ले जायी जा रही अवैध शराब जिसको उसके गैंग के सदस्य स्कार्पियो तथा बडे कंटेनर मे लेकर जा रहे है। इस सूचना पर को.अयोध्या ,रळऋव आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लखनऊ झ गोरखपुर हाई-वे मुख्य मार्ग पर भोला ढाबा के सामने समय प्रातः 05.00 बजे स्कार्पियो को पकडा गया जिसके अंदर से 10 पेटी रायल जनरल ब्रान्ड ( प्रत्येक सीसी 375 एम0एल0 ) तथा अभि.गण 1. सारिक पुत्र महमूद नि0ग्राम जहाँनपुरा थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0 2.अकरम पुत्र मुंशी निवासी म0नं0-02 गली नं0-02 ग्रा0प्रितिबिहार थाना सेक्टर 32/33 जनपद करनाल हरियाणा 3.चौधरी राजा पुत्र चौधरी मांगा निवासी मंडावर थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0 4.महफूज पुत्र कौशर निवासी जहाँनपुरा थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0 5.वासिल अली



पुत्र अय्यूब निवासी ग्राम बरनावी थाना कैराना जनपद शामली उ0प्र0 6. रूफल पुत्र मिन्ना निवासी ग्राम मुण्डीगढ़ी थाना धरेन्द्रा जनपद करनाल हरियाणा बैठे मिले ।जिनसे पूछताछ की गयी तो इनके द्वारा बताया गया कि हम लोग एंडवांस पार्टी मे चल रहे है हमारे पास बतौर सैम्पल माल है बाकी माल लेकर कंटेनर संख्या यूपी 21 बीएन 8796 आ रहा है ।थोडी देर बाद वह कंटेनर भी आया जिसको आवश्यक बल प्रयोग करके रोका गया तथा बैठे हुए व्यक्तियों से नाम पता पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग डाबर के उत्पादों को पैकेटो के बीच में मे हरियाणा वाली शराब को काटूनों के बीच मे छिपाकर तस्करी करते हुए बिहार ले जा रहे है ।जिनकी निशान देही पर 265 पेटी कंटेनर मे व 10 पेटी अवैध शराब स्कार्पियो में तथा डाबर ब्रान्ड के कुल 1710 बाक्स के बीच मे उत्पाद बरामद हुए ।बरामद शराब का कोई कागजात इनके पास नही मिला । डाबर के उत्पादो की बिल्टी मौजूद है । उक्त बिल्टी अम्बाला से सिलीगुडी तक डाबर का माल भरा है ।अभियुक्तगणों से गहन पूछताछ की गयी तो इनके द्वारा बताया गया कि हमलोग सामूहिक रुप से 3.5 लाख रुपये मे चण्डीगढ से खरीदकर सीतामढी बिहार मे जाकर करीब 10 लाख रुपयो में बेंचते है। स्कार्पियो गाडी में बतौर सैम्पल ग्राहक की व्यवस्था में आगे झ आगे चल रहे थे पकडे जाने की डर से हमने गाडी का नम्बर भी बदला हुआ है। इस बरामदगी के सम्बध में को.अयोध्या जनपद अयोध्या मे मु.अ.स. 016/2023 धारा - 419/420/467/468/471/34 भा0द0वि0 व 60/63/72 आबकारी अधिनियम पंजीकृत है। अभि.गणों के आपराधिक इतिहास व अन्य आपराधिक गतिविधियों के बारे मे जानकारी हेतु टीम रवाना की जा चुकी है।

# बल्कर से सीमेंट चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार, चोरी की सीमेंट बरामद

**मरूधर हिंद/रवि शंकर व्यास**

चित्तौड़गढ़। वंडर सीमेंट प्लांट निम्बाहेड़ा से सीमेंट भर कर निकले बल्कर से गंतव्य जयपुर तक पहुंचने से पहले ही होटल मालिक से मिलकर बल्कर चालक द्वारा सीमेंट चोरी करने के मामले में गंगरार थाना पुलिस ने बल्कर चालक व होटल मालिक सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बल्कर से चोरी गई सीमेंट को होटल के पीछे से बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यंत ने बताया कि फ्रेंड्स रोड लाइन के मैनेजर निम्बाहेड़ा निवासी साजिद अली पुत्र साबिर अली की रिपोर्ट अनुसार वंडर सीमेंट प्लांट से सीमेंट से भरे बल्कर को उसका ड्राइवर दीपक पुत्र राकेश जाट 7 जनवरी को लेकर निकला जिसे जयपुर पहुचना था। उनके बल्कर की जीपीएस लोकेशन दोपहर को चेक की तो यह गाड़ी आजोलिया का खेड़ा से पहले होटल सेवन पर थी। जिसे तलाशते हुए होटल सेवन के पर पहुंचे जहां होटल के पिछे गाड़ी खड़ी हुई थी, वहा पर ड्राइवर दीपक जाट और अन्य व्यक्ति गाडी मे से सीमेंट निकाल रहे थे जो उन्हें देख कर भाग गए। बल्कर को देखा तो निचे की साईड की सील टूटी होकर सीमेन्ट त्रिपाल पर बिखरी हुई थी तथा पास मे सीमेन्ट से भरे हुए खुले कट्टे करिब 140-150 वहा पर पड़े थे। गाडी व सीमेन्ट होटल सेवन के पिछे मौके पर पड़े हुए हो इन लोगो द्वारा बल्कर वाहन से सीमेन्ट निकाल कर चोरी करने के मामले में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। सीमेंट चोरी करने वाला चालक दीपक जाट व



होटल मालिक पुलिस कार्यवाही की भनक लगने से मौके से फरार हो गए। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर होटल पर दबिश दी तो मौके पर चोरी किए हुए छोटे-बडे कुल 321 सिमेन्ट से भरे हुए कटटे बरामद कर जब्त किए गए। मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए थानाधिकारी गंगरार शिवलाल मीणा पुनि के नेतृत्व में विशेष टीम एएसआई नगजीराम, अमीचन्द, कानि भीवाराम, उमेश, विरेन्द्र व गणपत की बना विशेष प्रयास किये गये। मामले में आरोपियों की तलाश हेतु हयुम्न इंटेलिजेंस एवं मुखबीर की सुचना से पाया कि प्रकरण हाजा का माल सीमेंट को बल्कर चालक दीपक जाट द्वारा होटल मालिक शंकरलाल शर्मा से मिली भगत कर चुराया जा रहा था। जिनकी तलाश कर सोमवार को उक्त सिमेन्ट चोरी व खरीद फरोस्त मे शामिल आरोपी बल्कर चालक बच्छखेडा पुलिस थाना शाहपुरा जिला भीलवाडा निवासी 25 वर्षीय दीपक पुत्र राकेश जाट, होटल का मालिक सोनियाणा पुलिस थाना गंगरार निवासी 32 वर्षीय शंकरलाल पुत्र बंशीलाल शर्मा एवं होटल का कर्मचारी सोसलिया पुलिस थाना सालमगढ जिला प्रतापगढ निवासी 26 वर्षीय हिरालाल पुत्र वाघजी मीणा को डिटेन कर पुछताछ की तो स्वयं द्वारा सिमेन्ट चुराना कबुल किया। पुछताछ के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफतार आरोपियों से उक्त चोरी किए गए सिमेन्ट की खरीद फरोस्त के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है। आरोपियों को मंगलवार को न्यायालय मे पेश किया जायेगा।

# देश और दुनिया में बढ़ रही है हिंदी की ताकत

हिंदी वैश्विक भाषा के रूप में आज अपना स्थान बना चुकी है। 10 जनवरी को हम विश्व हिंदी दिवस मानते है। यह दिवस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के प्रचार-प्रसार का एक सशक्त माध्यम है। हिन्दी विश्व की श्रेष्ठ , विकसित और समृद्ध भाषा के रूप में अपनी पहचान बना चुकी है। हिन्दी की लोकप्रियता सर्वत्र बढ़ती जा रही है। वर्तमान में दुनिया के करीब 137 देशों में भारतीय मूल के लोग रहते हैं और उनकी सम्पर्क भाषा हिन्दी है। आज के दिन हमें हिंदी भाषा के सतत विकास पर मंथन करने की जरुरत है। हमें गर्व करना चाहिए दुनियाभर में हिंदी बोलने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। हाल ही मैंने ब्रिटेन के अनेक स्थानों का भ्रमण किया। इस भ्रमण में मैंने पाया की भारत के लोग जहाँ भी रहते है वे अपनी मातृभाषा से न केवल असीम प्रेम और प्यार करते है अपितु बोलते भी है। हम हर साल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाते है और इसे वैश्विक स्तर की भाषा बता कर गुणगान करते है। हम विश्व हिंदी दिवस जरूर मनाएं मगर वास्तविकता से मुहं नहीं मोड़े। हिंदी की सच्चाई जाने, उस पर मंथन करें ताकि जमीनी हकीकत से रूबरू हो सके। हिंदी भारत में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा है मगर अंग्रेजी के मुकाबले यह भाषा आज भी दोयम दर्जे से ऊपर नहीं उठ पाई है। इस सच्चाई से इंकार नहीं किया जा सकता कि हिंदी की अपेक्षा अंग्रेजी भाषा का प्रभुत्व आज भी कायम है। शिक्षा और रोजगार की बात करें तो अंग्रेजी के आगे हिंदी कहीं भी नहीं ठहरती। हमारी शिक्षा की बुनियाद अंग्रेजी पर टिकी है। हिंदी पढ़ने वालों को हिकारत की नजर से देखा जाता है। आजादी के 75 वर्षों बाद भी जनमानस की धारणा यह है कि हिंदी वाला चपरासी या बाबू बनेगा और अंग्रेजी जानने वाला अफसर। हम लाख कोशिशों के बाद भी इस सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ सकते। सच तो यह भी है की हिंदी को अपने ही लोगों ने छला पग पग पर। मोदी सरकार हिंदी को जन जन की भाषा बनाने की बात जरूर करती है मगर अंग्रेजी के प्रभुत्व को अपने 9 साल के शासन के बावजूद धराशाही नहीं कर पाई है। कम से कम हिंदी भाषी राज्यों में तो अंग्रेजी को कठोरता पूर्वक त्यागे। दुनियां भर में हिंदी का उपयोग और प्रचार प्रसार लगातार बढ़ रहा है मगर अपने ही देश में राज भाषा का आधिकारिक दर्जा पाने के बावजूद यह भाषा जनभाषा के रूप में स्थापित होने का अब भी इंतजार कर रही है। गाँधी के शब्दों में बात करें तो राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। बहरहाल 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस पर देशवाशियों को हिंदी की सार्थकता पर गहनता के साथ मंथन की जरुरत है। हिन्दी के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पहला विश्व हिन्दी सम्मेलन 10 जनवरी 1975 को नागपुर में आयोजित किया गया था। विश्वभर में हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए जागरुकता पैदा करने और इसे अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में प्रस्तुत करने के लिए इस दिन को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदी



को 2006 में आधिकारिक दर्जा और वैश्विक पहचान मिली। तत्पश्चात हर वर्ष 10 जनवरी को दुनिया भर में विश्व हिन्दी दिवस मनाया जाता है। दक्षिण के प्रदेश अपनी निज बोली या भाषा को अपनाये इसमें किसी को आपत्ति नहीं है मगर राष्ट्रभाषा के स्थान पर अंग्रेजी को अपनाये यह हमे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। वे तमिल, कनड या बंगला को अपनाये हमे खुशी होगी मगर हिंदी के स्थान पर अंग्रेजी थोपे तो यह बर्दाश्त नहीं होगा। करे। है। भारत की स्वतंत्रता के बाद 14 सितंबर 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी। गांधी जी ने इसे जनमानस की भाषा भी कहा था । विश्व की दूसरी सबसे बड़ी भाषा है हिन्दी। चीनी भाषा के बाद यह विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। भारत और अन्य देशों में 70 करोड़ से अधिक लोग हिन्दी बोलते,पढ़ते और लिखते हैं। हिन्दी को आज तक संयुक्त राष्ट्र संघ की भाषा नहीं बनाया जा सका है। योग को 185 देशों का समर्थन मिला, लेकिन हिन्दी के लिए 129 देशों का समर्थन क्या नहीं जुटाया जा सकता। हिन्दी भाषा प्रेम,मिलन और सौहार्द की भाषा है। भारत की राष्ट्रीय चेतना की संवाहिका है। हिन्दी और इसकी बोलियाँ उत्तर एवँ मध्य भारत के विविध राज्यों में बोली जाती हैं। फिजी, मॉरिशस, गयाना, सूरीनाम की अधिकतर और नेपाल की कुछ जनता हिन्दी बोलती है। विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों तथा सैंकडों छोटे-बड़े केंद्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध के स्तर तक हिन्दी के अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था हुई है। आज हिन्दी ने अंग्रेजी का वर्चस्व तोड़ डाला है। करोड़ों की हिन्दी भाषी आबादी कंप्यूटर का प्रयोग अपनी भाषा में कर रही हैं। आज आवश्यकता इस बात की है की हम देश की जन भाषा के रूप में हिंदी को अंगीकार करे। अपनी अपनी निज भाषा के साथ हिंदी को स्वीकार कर देश को प्रगति पथ और एक सूत्र में पिरोने के लिए अपने स्वार्थ त्यागे और देश के प्रति अपनी अगाध श्रद्धा का परिचय दें।

## रविवार को हुआ नेशनल बॉडीबिल्डिंग कंपटीशन का आयोजन

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

बहरोड। कस्बे के होटल हाईवे एक्सप्रेस पर रविवार को शाम को नेशनल बॉडीबिल्डिंग कंपटीशन का आयोजन किया गया जिस के मुख्य अतिथि चेयरमैन यूनिक ग्रुप से सुमित यादव व विशिष्ट अतिथि संजय उर्फ मुन्ना रहे। कंपटीशन आयोजक एशिया गोल्ड मेडलिस्ट कुलदीप खिलाड़ी ने बताया कि कंपटीशन में जज के रूप में अनिरुद्ध तंवर, सोनू जॉन, पुलकित कार्तिक रहे। जिन्होंने कंपटीशन में भाग लेने वाले युवाओं का उत्साहवर्धन किया। साथ ही फर्स्ट, सेकंड, थर्ड का भी चयन किया। इस दौरान चैंपियन ऑफ चैंपियन साकिब खान बॉडी बिल्डिंग रहे । वहीं भारत की सबसे छोटी 6 साल की बच्ची एलिशा जॉन व ताशु महावर ने स्टेज पर अपनी प्रस्तुति देकर सभी दर्शकों का दिल जीता। इस दौरान पुलकित राणा, रॉकी खान ने भी अपनी कैटेगरी में गोल्ड मेडल हासिल किया। 60 से ज्यादा बॉडी बिल्डरों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि चैयरमेन यूनिक ग्रुप सुमित यादव ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के आयोजन से युवाओं में जागृति आती है और युवा अपने शरीर का ध्यान रखते हुए गलत आदतों से भी दूर होते हैं। इस दौरान पत्रकार संघ अध्यक्ष महेश जांगिड़, योगेश शर्मा, विप मीना, संदीप भारद्वाज , सुनील कुमार, राकेश कुमार, सीताराम वर्मा, गुलाबचंद प्रजापति सहित अनेक लोग मौजूद रहे।




## नीमूचाना के राजकीय विद्यालय में स्वेटर वितरित किए गए

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**

बानसूर - उपखंड के गांव नीमूचाना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पारले बिस्कुट लिमिटेड नीमराणा की ओर से स्कूल के छात्र छात्राओं को जर्सी वितरित की गई। इस दौरान करीब 250 छात्रझ छात्राओं को पारले परिवार की तरफ से जर्सी वितरण की गई। इस मौके पर पारले बिस्कुट कंपनी के महाप्रबंधक आरके पोरवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी प्रबंधन आमजन के मदद हितार्थ के लिए ही नहीं बल्कि कमजोर वर्ग को मजबूत बनाने के लिए हमेशा मदद करने के लिए तैयार है। इस मौके पर पारले मानव संसाधन विभाग प्रबंधक विनोद कुमार जैन ने कहा कि हमारी कंपनी ने राजस्थान के कई जिलों में सबसे ज्यादा आमजन को बिस्कुट बांट कर मदद की और आगे भी समय-समय पर आवश्यकतानुसार समाज की मदद करते रहेगें। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बानसूर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह शेखावत ने कहा कि हम विद्यालयों की जरूरतों एवं आवश्यकताओं से कंपनी प्रबंधन को हमेशा अवगत करवाते रहेंगे ताकि निःसहाय गरीब परिवार के बच्चों को स्कूलों में विद्यालय गणवेश सहित अन्य शिक्षा उपार्जन हेतु वस्तुओं की उपलब्धता करवा कर सहायता करें। इस मौके पर राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक, संस्था प्रधान कुम्हेर सिंह मौर्य एवं कार्यक्रम के संयोजक सुनील गंगावत ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर सुशील शर्मा, मनोज कुमार, एसीबीईओ इंद्राज गुर्जर, विनोद कुमार उपसरपंच, अशोक सैनी, राजसिंह शेखावत, राजेश यादव, सुनीता चौधरी, सरोज, ममता देवी, अजय सोनी सहित शिक्षक व गांव के विशिष्ट जन तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## वैश्य समाज की स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक हुई आयोजित

कठूमर। वैश्य समाज के तत्वावधान में एसएमएस अस्पताल जयपुर व जीवनधारा ब्लड बैंक अलवर के सहयोग से 18 जनवरी को कस्बे के जाट धर्मशाला स्थित लक्ष्मी मैरिज होम पर द्वितीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। शिविर में रक्तदाताओं को डोनर कार्ड ,स्मृति चिन्ह, एवं प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। शिविर संयोजक रमाकांत खंडेलवाल व युवा महामंत्री गगन खंडेलवाल ने बताया कि शिविर की तैयारियों को लेकर वैश्य समाज के अध्यक्ष महेश खंडेलवाल की अध्यक्षता व युवा अध्यक्ष लोकेश जैन मार्ग दर्शन में बैठक आयोजित की गई । बैठक में शिविर के सफल आयोजन के लिए जिम्मेदारियां दी गई । इस मौके पर वैश्य समाज के संरक्षक सुनील बजाज, महामंत्री कैलाश कूलवाल, कोषाध्यक्ष केलाश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल व संजय जैन, आडिटर रामोतार गुप्ता, युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पारस जैन व संतोष लुपिन, कोषाध्यक्ष छैल बिहारी अग्रवाल , प्रचार मंत्री सुरेश खंडेलवाल,कार्यालय मंत्री लोकेश पंसारी, मंत्री मनोज आमेरिया, रविंद्र टिटपुरी, महिला अध्यक्ष माया देवी, महामंत्री वर्षा जैन, कोषाध्यक्ष मीरा खंडेलवाल आदि मौजूद थे।

## कुशलगढ के टाउन हॉल में आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आगाज

**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरूण जोशी की रिपोर्ट**

कुशलगढः आयुर्वेद विभाग राजस्थान सरकार द्वारा विशिष्ट संगठन अनुसूचित जाति-जनजाति बाहुल्य क्षेत्र कुशलगढ़ में दस दिवसीय निःशुल्क अंतरंग अर्श भगंदर क्षार-सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ सोमवार को हुआ। समारोह मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रमिला खड़िया, विशिष्ट अतिथि तहसीलदार वीरेंदर सिंह राठोड, ब्लाक शिक्षा अधिकारी शम्भूलाल नायक, विकास अधिकारी मनोज दोसी, उपनिदेशक राकेश पंड्या, आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ.प्रद्युम्न कुमार राजौरा, रिटायर्ड जिला आयुर्वेदिक अधिकारी वैद्य भवर लाल शर्मा, सेवानिवृत उपनिदेशक घनश्याम भट्ट के आतिथ्य में हुआ। शिविर संयोजक मधुसुदन वैद्य ने बताया बताया कि शिविर में रोगी के रहने, खाने और औषधियों की व्यवस्था निशुल्क रखी गई है, शिविर में महिला और पुरुषों के अलग-अलग वार्ड बनाए गए हैं. बिना किसी चीर फाड़ के आयुर्वेद शल्य चिकित्सा के विषय विशेषज्ञ डॉ. सुनील रघुवंशी व टीम की ओर से अर्श(मस्सा) भगंदर (फिस्चूला) परिकर्तिका (फिसर) का आयुर्वेद क्षार सूत्र चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाएगा। शिविर प्रभारी रामस्वरूप मीना, डॉ. नवीन उपाध्याय, डॉ. जहीर अब्बास, डॉ. निखिल जैन, डॉ. पद्मेन्द्र पचोरी, डॉ. शौरभ गाँधी, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. प्रियंका मीना, डॉ. टीना मीना, डॉ. अंजलि मेरावत, डॉ. अनिल रावत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सञ्चालन सहायक निदेशक पियूष जोशी ने किया




## अवधेश बैरवा ने ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर क्षेत्र में बिजली की समस्या से कराया अवगत

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर । विधायक पुत्र एवं राजस्थान अनुसूचित जाति वित्त विकास आयोग के उपाध्यक्ष अवधेश बैरवा ने सोमवार को जयपुर में ऊर्जा मंत्री से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र में बिजली की चल रही समस्या को अवगत कराया। इस मौके पर ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बताया कि अवधेश बैरवा ने मुलाकात कर मुझे बताया कि विधानसभा क्षेत्र कठूमर में बिजली की विकट समस्या से किसान परेशान हो रहा हैं। बिजली की इस समस्या को अति शीघ्र समाधान करने के लिए मंत्री ने जयपुर के एमडी को निर्देश दिए और विभागीय अधिकारियों को भी टेलीफोन से मौके पर कहा गया कि इस समस्या का जल्द से जल्द अति शीघ्र बिजली की समस्या का निवारण किया जावे।



# बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के नेतृत्व में बहरोड़ विधानसभा से सैकड़ों की संख्या सरपंच व पार्षदों ने बहरोड़ को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

बहरोड़। सोमवार को बहरोड़ विधायक बलजीत यादव के नेतृत्व में बहरोड़ विधानसभा से सैकड़ों की संख्यासरपंचों व पार्षदों ने राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आवास पर पहुंचकर बहरोड़ पंचायत समिति एवं नीमराना पंचायत समिति के ग्राम पंचायत के समस्त सरपंच गण एवं बहरोड़ नगर नगर पालिका के चेयरमैन सीताराम यादव और बर्डोद नगरपालिका के चेयरमैन पूजा निमभोरिया सहित नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि छोटेलाल बड़ोदिया द्वारा बहरोड़ को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन। इस दौरान बहरोड़ पंचायत समिति प्रधान गजराज यादव, पूर्व प्रधान नीमराणा रामदास यादव, सरपंच संघ अध्यक्ष पहाड़ी जगदीश रावत, सरपंच संदीप यादव, गोपी सरपंच, अनिल मीणा, कारोड़ा सरपंच मनोज जांगिड़, शेरपुर सरपंच अभय सिंह यादव, जागुवास सरपंच संदीप चौधरी, खरकड़ा सरपंच मदन लाल आर्य, बुढवालसरपंच कुलदीप यादव ,भीटेड सरपंच राजकुमार यादव, रोडवाल सरपंच कंवर सिंह यादव, हुड़िया खुर्द सरपंच मोहित यादव ,डूमरोली सरपंच सुनील कुमार, डाबरवास सरपंच अशोक पनवाल,कायसा सरपंच भूप सिंह, माजरा सरपंच गजानंद, अक्लिमपुर सरपंच संजीव कुमार यादव , दोसोद सरपंच नवरत्न यादव , महतावास सरपंच कुलदीप यादव, परतापुर सरपंच अर्जुन यादव, कह्लावास सरपंच अजीत सिंह यादव, सरपंच राम यादव नांगली बलाहिर सरपंच, पूर्ण भगत जी समेत में हजारों की संख्या में सरपंच गण पार्षद गण उपस्थित रहे ।



# अनियंत्रित बाइक होने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

**मरुधर विशेष/शिवकुमार मौर्य**

थाना क्षेत्र में बाईक अनियंत्रित होने से एक युवक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक बाइक से इण्टर सिटी पकड़ने के लिए निकला जैसे ही छतोह गांधी नगर रोड पर पूरे मदारी गांव के पास पहुचा कि कोहरा अधिक होने की वहज से पुल देख ब्रेक मार दिया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गयी और खाई मे जा गिरी जिससे गम्भीर रूप से वह घायल हो गया।

नसीराबाद रायबरेली/ थाना क्षेत्र में बाईक अनियंत्रित होने से एक युवक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक बाइक से इण्टर सिटी पकड़ने के लिए निकला जैसे ही छतोह गांधी नगर रोड पर पूरे मदारी गांव के पास पहुचा कि कोहरा अधिक होने की वहज से पुल देख ब्रेक मार दिया जिससे बाइक अनियंत्रित हो गयी और खाई मे जा गिरी जिससे गम्भीर रूप से वह घायल हो गया। घण्टो सड़क के किनारे तड़पता रहा आखिर में उसकी सांसे थम गयी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी।सूचना पर पहुची नसीराबाद पीआरबी व पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।नसीराबाद थाना क्षेत्र के संडहा गांव निवासी शिक्षक रामभवन मौर्या 40 वर्ष मकर संक्रांति के पर्व पर त्योहारी लेकर लखनऊ अपनी बहन रामावती के यहाँ जाने के लिए घर से सुबह 4 बजे बाइक से इण्टर सिटी पकड़ने के लिए निकला जैसे ही छतोह गांधी नगर रोड पर पूरे मदारी गांव के पास पहुचा की कोहरा अधिक होने से सामने कुछ दिखाई नही पड़ रहा था अचानक पुल देख ब्रेक मारी जिसमे बाइक अनियंत्रित हो गयी और वह खाई में जा गिरा जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया और घण्टो सड़क के किनारे घायल अवस्था में तड़पता रहा ।लगभग 7 बजे उधर से गुजरने वाले राहगीरों ने देखा तो नसीराबाद पुलिस को सूचना दी ।सूचना पर पहुची पुलिस ने सरकारी एंबुलेंस से आनन फानन में सीएचसी नसीराबाद भेजवाया जहाँ चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया ।वही मौत की खबर घर पहुचते ही घर में कोहराम मच गया पत्नी शर्मिला देवी का रो रो कर बुरा हाल हो गया।पत्नी के मुख से यही निकलता की अबेन तो ठीक ठीक गयेन इकाव होई गवा और रोने लगती। तो मृतक की माँ सोना देवी बेटे की मौत की खबर सुन बेसुध पड़ी रही बुजुर्ग पिता रामदेव बेटे की मौत से सहम से गए और यही कहते की भगवान इकाव होई गवा और रोने लगते। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटी नेहा 18 वर्ष दीपा 15 वर्ष व बेटा आदर्श 10 को छोड़ गया पिता ने बताया कि एसडी पांडेय मेमोरियल इंटर कॉलेज डीघा स्कूल मे बच्चों को पढ़ाने जाते थे और लेनदेन कि भी देखा जोखा भी देखते थे ।पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।उधर नसीराबाद थाना अध्यक्ष राकेश चन्द्र आनन्द ने बताया की कोहरे के कारण अचानक ब्रेक मारने की वहज से गाड़ी अनयंत्रित हुई और गिर पड़े इसमे युवक की मौत हो गयी सूचना पर मौके पर पहुचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी का फूंका पुतला

### चप्पल की माला व मुंह पर काली स्याही डालकर, निकाली रैली

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

बहरोड़। बहरोड़ में थाने के हिस्ट्रीशीटर को मंच पर बैठाने का मामला अभी शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। कल सांसद के द्वारा थाने पर पहुंचकर डीएसपी को धमकाने का मामला सामने आया था वही आज बहरोड़ की जनता महंत बालक नाथ योगी के पुतले पर चप्पलों की माला व काली स्याई डालकर रैली निकाली और थाने के सामने लाकर पुतला जलाया। साथ ही पंचायत समिति प्रधान गजराज यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन जिस तरीके से काम कर रहा है वह सराहनीय कार्य हैं। अपराधियों पर लगाम लगाने का पुलिस काम कर रही है। लेकिन अलवर सांसद और उनके समर्थक अपराधियों को मंच पर बैठाकर, डीजे लगाकर फिल्मी गानों पर अपराधियों की महिमा मंडल कर रहे हैं। शपथ ग्रहण के दूसरे दिन जिला अस्पताल में फायरिंग की घटना होने के मामले में नामजद लोगों के संपर्क में आए अपराधियों के घर डॉक्टर निशांत यादव व अलवर सांसद महंत बालक नाथ योगी के बहरोड़ कार्यालय प्रभारी लोकेश यादव भारत सरकार लिखी हुई गाड़ी ले जाकर हिस्ट्रीशीटर लिफाफे में कुछ देकर आने की बात जिला अस्पताल में फायरिंग करने वाले अपराधी ने कबूली है। जिस पर इन चारों लोगों से पूछताछ के लिए थाने पर बुलाया था। जिसके बाद सांसद व कांग्रेस नेता थाने पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन को धमकाते हुए नजर आ रहे थे। डीएसपी आनंद राव ने प्रेस वार्ता में बताया कि कुछ लोगों के खिलाफ कोर्ट में मामले चल रहे हैं और कुछ लोग थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। जिनके खिलाफ जिला अस्पताल में फायरिंग करने में नामजद मुकदमा दर्ज हुआ है। जिसको लेकर 4 लोगों को पूछताछ के लिए फोन किया गया था। वह खुद की गाड़ी से थाने पर आए थे। उसी दौरान सांसद महंत बालक नाथ योगी आकर बेबुनियाद आरोप लगाने लगे। और मेरे परिवार और बच्चों के बारे में बेबुनियाद बातें करने लगे और राजकार्य में बाधा डालने लगे।



# महाराज श्री परमेंद्र सिंह जी के सानिध्य में अनुष्ठान का हुआ समापन

**मरूधर विशेष/खेम चंद गुप्ता**

श्री बड़ पीपली बालाजी धाम कल 8 जनवरी श्री बड़ पीपली बालाजी धाम पर 1 साल से चल रहे अनुष्ठान का समापन हुआ महाराज श्री परमेंद्र सिंह जी ने बताया की श्री बड़ पीपली बालाजी धाम पर कल 8 जनवरी श्री बड़ पीपली बालाजी धाम पर 1 साल से चल रहे अनुष्ठान का समापन हुआ श्रद्धालुओ ने बताया की श्री बड़ पीपली बालाजी धाम पर जन जागरण के लिए 8 जनवरी 2022 को एक अखंड 24 घंटे राम नाम जप और 108 अखंड रामचरित्रमानस के पाठ आहूतियो के साथ करने का संकल्प लिया था जो बालाजी महाराज की कृपा से निवि ?घ्न 8 जनवरी 2023 को संपूर्ण हुआ बड़ पिपरी बालाजी महाराज की कृपा से और गुरु महाराज के आशीर्वाद से और मोनिका दीदी ने बताया की गुरु महाराज के आशीर्वाद और आदेश अनुसार बढ़ पिपली बालाजी धाम परिवार ने अपने समय अनुसार पाठ और राम नाम जपा और आहुतियां दी और इसे संपूर्ण होने में योगदान दिया 8 जनवरी को 2023 को समापन पर बड़ी गद्दी लगाई गई जिसमें गुरु महाराज ने सभी को आशीर्वाद दिया और सभी के कष्टों का निवारण के लिए बालाजी से अर्जी लगाई वह लगभग 25 से 30, हजार श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं से बात करने से उन्होंने बताया कि बाबा के दरबार में सभी कष्टों का निवारण होता है सिर्फ एक नारियल लगाने से बाबा प्रसन्न होते हैं और सब कारज पूर्ण होते हैं और कल बाबा के दर्शन और आशीर्वाद लेने के लिए प्रशासनिक वह कुछ गणमान्य लोग भी पधारें वृंदावन से पधारे बाबा बालक दास जी महाराज अन्य जगह से पधारे हुए संत महात्मा , वह झोटवाड़ा थाना इंचार्ज घनश्याम सिंह राठौड़, पार्षद गण , रवि प्रकाश जी सैनी, जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश जी सैनी,रश्मि सैनी बाबूलाल जी शर्मा रणवीर सिंह जी पूर्व पार्षद चेयरमैन दिनेश अमन जिला महामंत्री किसान मोर्चा करण सिंह चिचडोली , अजीत सिंह मंडोली,वह सभी व्यापार मंडल के अध्यक्ष, महावीर सिंह करड़, धर्मराज सिंह जादौन, नारायण सोनी, व सभी श्रद्धालु वह बड पीपली बालाजी धाम का संपूर्ण परिवार मौजूद रहा ।



## कृष्णा कॉलोनी विकास समिति नया खेड़ा अंबाबाड़ी के द्वि वार्षिक चुनाव हुए सम्पन्न


**मरूधर विशेष/कुलदीप यादव**



कृष्णा कॉलोनी विकास समिति नया खेड़ा अंबाबाड़ी के द्वि वार्षिक चुनावो में चुनाव अधिकारी महेन्द्र सिंह राठोड़ ने करवाये। अध्यक्ष सुरेश जैन,महासचिव नायाब खान और उपाध्यक्ष श्याम को निर्वरोध निर्वाचित हुए । चुनाव में स्थानीय पार्षद दिनेश कांवट आशुतोष शर्मा भी उपस्थित रहे।

## हाई कोर्ट के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष श्रवण सैनी का किया स्वागत

**मरूधर विशेष/विशेष संवाददाता**



जयपुर के अधिवक्ता विक्रम सिंह ,नरोत्तम कुमार वर्मा, प्रीतम सिंह, रवी सैनी ,देवेंद्र सैनी, करण सिंह राठौर ,महेंद्र सैनी ,नरेंद्र सिंह राठौड़ ,जय सिंह शेखावत, देवेंद्र सोलंकी ,आईसीडीएस कार्यकर्ता पिंटू सैनी , विद्याधर नगर थाना सब इंस्पेक्टर हरिराम और राजेंद्र हाई कोर्ट के नव निर्वाचित उपाध्यक्ष श्रवण सैनी का स्वागत किया ।

## बहतुकला थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान पिकअप से दो गायों को कराया मुक्त

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

कठूमर। बहतुकला थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त के दौरान गोकशी को ले जाई जा रही दो गायो को मुक्त कराया और दो गोतस्करो को गिरफ्तार कर लिया। वही एक पिकअप जप्त कर ली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हेड कांस्टेबल नरपत सिंह गुर्जर मुखबिर टेलीफोन से सूचना मिली की एक पिकअप जिसमें उसमें कुछ गाय भरके बूचड़खाना कट्टी के लिए हरियाणा ले जा रहे हैं।उक्त सूचना पर हेड कांस्टेबल नरपत सिंह गुर्जर मय जाप्ता मौके पर पहुंचकर ऊकसी तिराया जटवाड़ा मोड पर पहुंचकर नाकाबंदी की और पिकअप को रोक कर तलाशी ली। जिसमे दो गाय व दो व्यक्ति मिले। गायो को अलीपुर गौशाला भेज दिया गया। गोतस्कर साकिर पुत्र जाकिर खान जाति में निवासी कोट मंडावर जिला दौसा, आशिक पुत्र बल्लू का जाति मुसलमान निवासी रोनीजाथन थाना खेड़ली जिला अलवर को गिरफ्तार कर लिया। दोनों मुल्जिमों को सोमवार को न्यायालय में पेश किया न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दोनों को जेल भेज दिया।




## तिजारा बस स्टैंड पर वरिष्ठ लिपिक के जेब से पैसे व आई कार्ड पार

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा कस्बे के जैन बी एड कॉलेज के वरिष्ठ लिपिक पवन जैन की जेब से अज्ञात चोर ?12000 की नकदी एवं एक आईडी और मकान की चाबी लेकर फरार हो गया घटना 7 दिसंबर 3:30 बजे की है वरिष्ठ लिपिक पवन जैन कॉलेज से ड्यूटी कर अपने घर अलवर जा रहा था बस के इंतजार में बस स्टैंड पर खड़ा था तभी अज्ञात चोरों ने उनकी जेब में रखा पर्स निकालकर रफूचक्कर हो गए पर्स में ?12000 की नकदी एवं एक आईडी और मकान की चाबी थी पीड़ित वरिष्ठ लिपिक पवन जैन ने घटना की शिकायत तिजारा पुलिस को करा दी है लेकिन अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है।

## गैंगस्टर आरोपी की चार करोड़ की संपत्ति को प्रशासन ने किया कुर्क

**मरुधर विशेष/ शिवकुमार मौर्य**

गैंगस्टर आरोपी की चार करोड़ की संपत्ति को प्रशासन ने कुर्क कर लिया है। आरोपी का मकान, प्लाट व वाहन को प्रशासन ने गिरोह बंद अधिनियम के तहत कुर्क किया है। यह कार्यवाही शनिवार को भारी पुलिस बल के साथ एसडीएम प्रशांत कुमार कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के ग्राम मलेथू कनक निवासी अवतांश तिवारी उर्फ सिक्कू तिवारी के घर पहुंचे। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के तहत सिक्कू तिवारी के घर में मौजूद लोगों को बाहर निकाल दिया और मकान को कुर्क कर सील लगा दी।सिक्कू तिवारी के खिलाफ पुलिस की ओर से गैंगस्टर एक्ट अधिनियम के तहत केस दर्ज है। जिसके तहत प्रशासनिक टीम दोपहर शाम आरोपी के घर पहुंची। सिक्कू और उसकी पत्नी के नाम श्लोक आश्रम कस्बा बीकापुर, एक पक्का मकान व एक प्लांट तेंदुआ माफी, एक प्लाट नरोत्तमपुर व एक वाहन यूपी 32 जेटी 9091 को जब्त कर लिया।वहीं चार करोड़ की संपत्ति कुर्क की जानकारी देते हुए बीकापुर क्षेत्राधिकारी संदीप कुमार सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की आख्या व जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार के आदेश पर उत्तर प्रदेश गिरोह बंद अधिनियम के तहत कुर्की की कार्रवाई हुई है। बताया कि बीकापुर कस्बे में स्थित एक प्लाट, श्लोक आश्रम, एक वाहन सहित कई अन्य संपत्तियों को कुर्क किया गया है। अग्रिम आदेश तक कुर्क की गई संपत्ति उप जिलाधिकारी के अधीन रहेगी।

## तिजारा पंचायत समिति में बी एस एन एल हाई स्पीड इंटरनेट के बारे में जानकारी दी गई

**मरुधर विशेष राकेश सैनी**

तिजारा कस्बे के भारत संचार निगम लिमिटेड कार्यालय में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा के उद्घाटन के बाद तिजारा कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी सुरेश चंद चौधरी ने पंचायत समिति में उपस्थित सरपंच गणों को बीएसएनएल की हाई स्पीड इंटरनेट के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की जिसमें अधिकारी ने बताया कि हर ग्राम पंचायत के कार्यालयों में बीएसएनल की ओर से 5 करेक्शन फ्री दिए जाएंगे। जिससे कि ग्राम पंचायतों के कार्यालयों में सरकारी कार्य आसानी से किए जा सकेंगे। जिसमें कनिष्ठ अभियंता मुकेश कुमार पंचायत समिति प्रधान जेपी यादव रूपा सरपंच फतेह मोहम्मद डोटाना सरपंच ईशा खान अजय पाल यादव मुन्नी गुर्जर चंदन चैनल पार्टनर रमाकांत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



## जिला स्तरीय देशहित तायक्वोंडो प्रतियोगिता सम्मपन

**मरूधर विशेष/गोविन्द सिंह**

देशहित स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय देशहित ताइक्वांडो कप 2023 का आयोजन स्कोलर इन्टर नेशनल स्कूल झोटवाड़ा जयपुर में किया गया । देशहित स्पोर्ट्स एकेडमी के कोच जेपी जांगिड़ ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग मे कुल 406 बच्चो ने भाग लिया , जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जयपुर जिले की लगभग 22 खेल एकेडमियो व विधालय की टीमों ने भाग लिया , प्रतियोगिता के सम्मान समारोह में भामाशाह व युवा नेता आशु सिंह सूरपुरा मुख्य अतिथि आनद सिंह राठौड़ विशिष्ट अतिथि अशोक यादव अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बासनी साबीर खान मांगू सिंह आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थित में बच्चो को मेडल व पारितोषित प्रदान किये गये ।मुख्य अतिथि सुरपुरा ने खिलाड़ियों को कड़ी मेहनत व लगन से खेलने साथ देशहित स्पोर्ट्स एकेडमी के प्रयासों की सराहना की मैडल न जीत पाने वाले खिलाड़ियों को आगे कड़ी मेहनत कर आगामी प्रतियोगिता में मैडल जीतने के लिए प्रयास करने की प्रेरणा दी । देशहित फाउंडेशन के के डायरेक्टर मुकेश सिंह बिदावत ने सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया



## व्याख्याताओं ने सीएम से की वेतन कटौती वापस लेने की मांग

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर राज्यव्यापी आह्वान पर राजस्थान के व्याख्याताओं ने वेतन कटौती निरस्त कर पुनः वेतन कटौती बहाल करने की मांग को लेकर कैंडल मार्च निकाला। फलोदी ब्लॉक के समस्त व्याख्याताओं ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी से नगर पालिका चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला।



व्याख्याता सुखराम बिश्नोई ने बताया कि भटनागर समिति की अनुशंषा के अनुसार वर्ष-2013 में वित्त विभाग ने व्याख्याताओं का प्रारंभिक मूल वेतन 18750 किया गया, लेकिन 2017 में तत्कालीन सरकार ने व्याख्याताओं का प्रारंभिक मूल वेतन 18750 से घटाकर 16890 कर दिया, वर्ष 2017 की वेतन कटौती के कारण सातवें वेतन आयोग में व्याख्याताओं का मूल वेतन 48400 के बजाय 44300 पर फिक्स किया गया, जिससे हर व्याख्याताओं को मूल वेतन में 4100 रुपए का नुकसान हो रहा है। इसलिये मुख्यमंत्री से आग्रह है कि व्याख्याताओं की वेतन कटौती निरस्त कर पुनः 18750 बहाल करे। कैंडल मार्च में फलोदी ब्लॉक के व्याख्याता सुखराम बिश्नोई, विनोद पुरोहित, गणेश तंवर, विश्वंभर थानवी, गिरिराज पुरोहित, हंसराज बिश्नोई, अजय कुमार, ईश्वरसिंह भाटी, भरतसिंह, दिनेश थानवी, नंदकिशोर व्यास, रवि ओझा, हेतराम सियाग, राधेश्याम, जगदीश उदाणी, श्रवण कुमार उदाणी, पुखराज खारा, रामसिंह, स्वरूप भाटी, राजेश कुमार तंवर एवं कपिल पारीक आदि उपस्थित रहे।

## संघर्ष समिति ने सीएम गहलोत को भेजा ज्ञापन

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर सोमवार को आदर्श क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी के पीड़ितो ने सोसायटी में फंसे अपने करोड़ो रुपए वापिस दिलवाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल व्यास के नेतृत्व में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन एसडीएम फलोदी डॉ. अर्चना को सौंपा। इस दौरान जयनारायण व्यास सर्किल से लेकर एसडीएम ऑफिस तक पीड़ितो ने रैली निकाली।



संघर्ष समिति के प्रचार प्रमुख भंवरलाल पंवार ने बताया कि इस अवसर पर श्रीगोपाल जोशी, विष्णु व्यास, राजेंद्र कुमार बोहरा, महेश जोशी, नारायण माली, जयप्रकाश गुचिया एवं अशोक बोहरा आदि उपस्थित थे। पंवार ने बताया कि आगामी दिनों में उप जिला कलक्टर कार्यालय फलोदी के पास में संघर्ष समिति के बैनर तले एक दिवसीय धरना दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि आदर्श क्रेडिट को ऑपरेटिव सोसायटी में फलोदी के सैकड़ो निवेशकों के करोड़ो रुपए फंसे हुये है।

## केवीके ने पाले एवं शीतलहर से बचाव के लिये एडवाइजरी जारी की

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर मोहरा रोड स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र फलोदी द्वारा पाले के बचाव के लिये किसानों के लिये एडवाइजरी जारी की गई है। पूवार्नुमान के लिये वायुमंडलीय दशाओं को देखकर अनुमान लगाया जा सकता है, जब विशेष ठंड हो, दिन भर ठंडी एवं तेज हवाएं चले तथा सांय काल के समय हवा चलना बंद हो जाये, रात्रि में आकाश साफ हो तथा वायुमंडल में नमी की मात्रा कम हो तो ऐसी परिस्थितियों में पाला गिरने की संभावना बढ़ जाती है। पाला रात में करीब 3 से 5 बजे के बीच पड़ता है, पाले एवं शीतलहर से फसलों को बचाने के लिये किसानों को केवीके द्वारा जारी उपाय अपनाने चाहिये। पाला पड़ने का पूवार्नुमान होने पर खेत में हल्की सिंचाई देने से भूमि गर्म एवं नम बनी रहती है तथा सिंचाई देने से भूमि का तापमान 0.5 से 2.0 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ जाता है, किसानों के पास फव्वारा सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो तो फव्वारा द्वारा सिंचाई करना लाभदायक रहता है। पाला पड़ने का पूवार्नुमान होने पर खेत की उत्तरी दिशा में अर्ध रात्रि में सूखी घास-फूस, टहनियां एवं पुआल आदि को आग लगाकर धुआं करने से खेत में फसल के ऊपर धुंए की एक पतली परत बन जाती है, जिससे फसलों को पाले से बचाया जा सकता है, पाला पड़ने का पूवार्नुमान होने पर खेत में फसलो पर गंधक के तेजाब का 0.1 प्रतिशत घोल का छिड़काव करे, 1 लीटर गंधक के तेजाब को 1000 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हैक्टेयर छिड़काव करे, जिससे इसका प्रभाव 2 सप्ताह तक बना रहता है।

## जन आक्रोश महासभा में कांग्रेस सरकार पर भाजपा नेताओं ने किये कड़े प्रहार

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड मुख्यालय पर नई सड़क पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित मैदान में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी जोधपुर देहात उत्तर के बैनर तले आयोजित हुई जन आक्रोश महासभा में राज्य की कांग्रेस सरकार पर कड़े प्रहार किये गये। मुख्य वक्ता विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर जन आक्रोश महासभा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुये मुख्य वक्ता विधायक पुष्पेंद्रसिंह राणावत ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से राज्य की जनता परेशान हो गई है। कांग्रेस सरकार ने राज्य के किसानों, नौजवानो, विधार्थियों एवं शिक्षित बेरोजगारों के साथ धोखा किया है। आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकेगी। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सीआर चौधरी, पूर्व सांसद नारायण पंचारिया, विधायक पब्बाराम विश्नोई, नोखा विधायक बिहारीलाल विश्नोई, प्रभारी जुगलकिशोर व्यास, जिलाध्यक्ष मनोहरलाल पालीवाल छीला, उपाध्यक्ष विक्रमादित्यसिंह आमला, जेपी बोहरा, कासम अली एवं पूर्व प्रधान अभिषेक भादू ने भी विचार व्यक्त करते हुये कांग्रेस सरकार की नाकामियों को गिनाते हुये विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का आह्वान किया।




इस अवसर पर उपाध्यक्ष ओम बोहरा, सुखराम जाणी, रतन मेघवाल, दिलीप शर्मा, वरिष्ठ नेता रमेश थानवी, संयोजक रतनसिंह भाटी, अशोक बोहरा, शिवकुमार व्यास, महंत भगवानदास जांबा, अशोकसिंह राजपुरोहित, हरी माडपुरा, गवरादेवी व्यास, एडवोकेट सिंकदर घोसी, उगराराम उदाणी, रमेश पालीवाल, रावलसिंह राजपुरोहित, जगदीश पालीवाल, जगदीश लीलड़, जेठाराम जयपाल, गोपाल मेघवाल, सुनील व्यास, शिव पंचारिया, अफजल खिलजी, जीवनराम भील, महेश पालीवाल सहित विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोग उपस्थित थे। महासभा को वर्चुअल रुप से केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने भी संबोधित किया। महासभा का संचालन शिवकुमार व्यास ने किया। जन आक्रोश महासभा के पश्चात एसडीएम ऑफिस के आगे भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला दहन किया तथा राज्यपाल के नाम का ज्ञापन एसडीएम फलोदी डॉ. अर्चना को सौंपा।

## द डिस्ट्रिक्ट बार असोसिएशन जयपुर महासचिव गजराज सिंह केलाई को किया सममानित

मरुधर विशेष/महावीर सिंह



नाथाजी खाप के प्रवर्तक वीर शिरोमणि नाथाजी स्मृति समारोह 2023 के अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह मै तीसरी बार डिस्टिक बार के महासचिव पद पर विजय हासिल करने पर द डिस्ट्रिक्ट बार असोसिएशन जयपुर महासचिव गजराज सिंह केलाई को सम्मानित किया ।

## घनश्याम सिंह जी राठौड़ (G.A. cum-AAG) राजस्थान सरकार को दी शुभकामनाएं

मरुधर विशेष/महावीर सिंह

द डिस्ट्रिक्ट बार असोसिएशन जैपयर के महासचिव गजराज सिंह केलाई ने घनश्याम सिंह जी राठौड़ (G.A. cum-AAG) राजस्थान सरकार बार कौंसिल ऑफ राजस्थान का चेयरमैन बनने की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।



# कामां जिला बनाएं जाने पर ही मेवात का विकास संभव- मौलवी मोहम्मद हारून

मरुधर विशेष आमिर खान कामा

कामां-कामां को जिला बनाने के लिए लाल दरवाजे पर चल रहा अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना सोमवार को 57 वें दिन भी जारी रहा मुस्लिम धर्मगुरु बड़ी जामा मस्जिद सराय मोहल्ला के मौलवी मोहम्मद हारून द्वारा कामां को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम लिखा समर्थन पत्र लेकर उनके प्रतिनिधि मुफ्ती रहीस व मौलाना नसीम अहमद लाल दरवाजा स्थित धरना स्थल पहुंचे और कामां जिला बनाओ संघर्ष समिति को समर्थन पत्र सौंपा




जामा मस्जिद के मौलवी मोहम्मद हारून का समर्थन पत्र लेकर धरना स्थल पर पहुंचे प्रतिनिधियों ने बताया कि मौलवी मोहम्मद हारून अस्वस्थ होने के कारण धरना स्थल पर नहीं आ सके लेकिन जब उनको पता चला कि कामां को जिला बनाने के लिए सर्व समाज के लोग इस कड़कती सर्दी में खुले में बैठकर 57 दिन से अनिश्चितकालीन सांकेतिक धरना दे रहे हैं तो अस्वस्थ होने के बाद उन पर रहा नहीं गया और उन्होंने क्षेत्र की जन भावनाओं को देखते हुए कामां को जिला बनाने के लिए मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर हमको धरना स्थल पर भेजकर कामां जिला बनाओ संघर्ष समिति को अपना समर्थन पत्र भिजवाया है मौलवी मोहम्मद हारुन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि कामां ब्रज मेवात क्षेत्र हमेशा से हिंदू-मुस्लिम समुदायों के आपसी भाईचारे की संगम स्थली रहा है इस क्षेत्र में मुस्लिम समुदाय की बड़ी जामा मस्जिद एवं बड़ा मदरसा तथा हिंदुओं के कई प्रसिद्ध धार्मिक तीर्थ स्थल और मंदिर होने के साथ-साथ बोलखेड़ा एवं कामां में जैन धर्म के प्राचीन धार्मिक स्थल एवं मंदिर मौजूद है कामां से नंदगांव की दूरी मात्र चौदह किलोमीटर बरसाना की दूरी मात्र आठ किलोमीटर है यहां से कामां में प्रतिदिन हजारों की संख्या में धार्मिक पर्यटक आते हैं जामा मस्जिद मौजूद होने के कारण यहां हर साल हज यात्रा के लिए काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग जाते हैं कामां को नया जिला बनाए जाने पर नए सरकारी कार्यालयों व मिनी सचिवालय के लिए राजस्व रिकॉर्ड में काफी सरकारी भूमि उपलब्ध है कामां के ग्राम सनोखर में रीको औद्योगिक क्षेत्र होने के साथ-साथ गाजीपुर व फतेहपुर और सबलाना में भी औद्योगिक क्षेत्र घोषित होने पर पर्याप्त राजस्व रकवा मौजूद है अलवर के कठूमर ,गोविंदगढ़ तथा भरतपुर जिले से नगर, सीकरी एवं डीग उपखंडों को मिलाकर कामां को नया जिला बनाया जा सकता है कठूमर व गोविंदगढ़ वासियों को भी कामां के जिला बनने पर नजदीक में ही सुलभ सुविधा मिल सकेगी पूरे राजस्थान में कामां में ही मेवात क्षेत्र में सबसे अधिक मुस्लिम समुदाय के लोग रहते हैं जो विकास की दृष्टि से पूरी तरह पिछड़े हुए हैं कामां के जिला बनने से मेवात क्षेत्र में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों के विकास के साथ-साथ यहां पर औद्योगिक विकास एवं पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार की काफी संभावनाएं है जिससे प्रतिवर्ष क्षेत्र के लगभग बीस हजार से अधिक परिवारों को एवं आगामी पॉच वर्षों में पचास हजार से अधिक को रोजगार के अवसर मिलेंगे क्षेत्र के लोगों की जन भावनाओं एवं भौगोलिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए कामां को जिला बना कर कामां ब्रज मेवात का विकास किया जा सकता है। प्रतिनिधिमंडल में बड़ी जामा मस्जिद बड़ा मदरसा सराय मोहल्ला के मुफ्ती रहीस व मौलाना नसीम अहमद के अलावा हाजी कासम अकाता,मूलफात, अफजल सबलाना, अल्ली हुसैन,अली मोहम्मद,जमील अहमद,हाजी मुंशी खां मौजूद थे।

# जाट महासभा के विशाल सम्मेलन में जाट समाज के नुमाइंदों के बोल

### अपने ते बच के रहियो, बैरी तेरो कहा बिगारे॰ एकजुटता नहीं होने पर किया प्रहार

### समाज में चल रही कुरीतियों व नशे के आदि लोगों की आदत सुधारने पर आत्मचिंतन किया गया

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी
जिला रिपोर्टर



मुंडावर । उपखंड क्षेत्र के गांव जागीवाड़ा में 9 जनवरी को एक विशाल जाट सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें आदर्श जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शिवकरण जानू ने कहा कि युवा पीढ़ी संस्कार, संस्कृति और समाज के योद्धाओं के इतिहास से वाकिफ ही नहीं है। वरना आज समाज एकजुट होता। प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को मुंडावर क्षेत्र के ग्राम जागीवाडा में 1857 क्रांति के महान योद्धा अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी राजा नाहरसिंह के बलिदान दिवस एवं किसान नेता सर छोटू राम के निवार्ण दिवस पर आयोजित विशाल जाट सम्मेलन में मुख्य अतिथि बतौर बोल रहे थे। कार्यक्रम में भरतपुर से आए किसान नेता फौजदार ने कहा कि आज हमारा समाज एकजुट नहीं है। इस पर उन्होंने शायरी के जरिए टिप्पणी की कि ॰अपने ते बच के तुम रहियो, बैरी तेरो कहां बिगारे, जहाँ मारेगो तो अपनु ही मारेगो, बैरी तेरो काह बिगारे, विभीषण सुग्रीव की कथा सुनी हो गए सहकारों॰। यह शायरी कहते हुए उन्होंने कहा कि समाज ही एक- दूसरे ही टांग खींच रहे हैं। जिससे समाज एकजुट नहीं हो पा रहा है और ना ही विकास कर पा रहा है। इसी से उन्होंने आपस में टांग खींचने वालों पर टीका टिप्पणी करते हुए कहा कि भरतपुर शहर, बैर, नगर एवं डीग में जाट समाज रियासत के किले हैं। लेकिन इन्हीं कारणों से आज जाट समाज के किसी भी नुमाइंदे की बाजार में अपनी कोई पैतृक संपत्ति तक नहीं है। उन्होंने समाज को एकजुट होने का आव्हान करते हुए हुए कहा कि आज हमने चिंतन करने की जरूरत है। उन्होंने राजा सूरजमल का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने 36 बिरादरी कोम को को एकजुट करने का काम किया था। कार्यक्रम में मजदूर नेता वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि खेत, खलियान से लेकर खेल मैदान व अंतरिक्ष तक समाज ने झंडे गाड़ रखें। लेकिन आज समाज का एकजुट नहीं होने से सरकार एवं राजनीति में प्रतिनिधित्व की हो रही उपेक्षा पर समाज को आईना दिखाया। कारगिल हीरो एवं महावीर चक्र विजेता दिगेंद्र चौधरी ने कहा कि जाट समाज की वीरों की वीरता पर बखान करते हुए कारगिल युद्ध के प्रसंग से समाज को एकजुट करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में इसके अलावा सेवानिवृत्त जिला शिक्षा अधिकारी रहे बैनीवाल, जयपुर जिला के जाट महासभा के जिला अध्यक्ष जिला रोहिताश कपूरिया सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधन कर समाज को एकजुट होने का आव्हान किया व समाज में फेली कुरीतियों जैसे दहेज प्रथा बाल विवाह प्रीतिभोज वगैरा पर भी समाज के लोगों ने विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह किया वही पर वक्ताओं द्वारा समाज के युवाओं में नशे की बढ़ती हुई लत को भी सुधारने पर आत्मचिंतन कर सभी से आग्रह और प्रण करने की बात कही की हमे जिम्मेवारी लेनी चाहिए कि हम अपने विवेक से नशे की लत में की तरफ बढ़ रहे युवाओं के आदत को सुधारने में प्रयास करेंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता जाट समाज के जिला अध्यक्ष तूही राम ने की। मंच संचालन सुरेश बिजारणिया ने किया। इस मौके पर जाट समाज के महामंत्री जगदीश चौधरी, जिला जाट समाज महिला जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी, पुष्पा खेरिया, एडवोकेट सीताराम चौधरी, सुमन वीरेंद्र चौधरी,महेंद्र चौधरी, भरतपुर से बलदेव डागुर, दोसा से देसवीर चौधरी, आरके काजला, भूरी पालावत, जगदेव चौधरी, मनोज चौधरी, गुल्ला चौधरी, हिम्मत, वीरेंद्र, प्रदीप,ओमवीर, सत्यपाल, शिवलाल, सत्यवीर, बंसीलाल, रगुवीर, महेंद्र, सुलतान, प्रहलाद,शीशराम सहित बड़ी संख्या में आसपास गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक दीपचंद खैरिया व प्रधान बीपी सुमन का चांदी का मुकुट पहना कर किया स्वागत

मरुधर विशेष/विजय सिंह

खैरथल । राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया व पंचायत समिति के प्रधान बीपी सुमन का जिलोता सरपंच रसीदन स्वर्गीय मानखां एवं सरपंच प्रतिनिधि जैकम खां द्वारा चांदी का मुकुट पहना कर स्वागत किया गया।विधायक खैरिया को मुकूट के अलावा 11000 रुपए की नोटों की माला व चांदी का सिक्का और सुमन को भी सिक्का दिया गया।सरपंच प्रतिनिधि जैकम खां ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। विधायक के मीडिया प्रभारी सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि वे सोमवार को जिलोता में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करने पहुंचे थे। उन्होंने पास के गांव श्यामाका में कब्रिस्तान की बाउंड्री वॉल, बोरिंग सहित कुल 66 विकास कार्यों का लोकार्पण किया जबकि पिछले दिनों खैरथल आगमन पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत



ने भी इस क्षेत्र में 71 विकास कार्यों का वर्चुअल उद्घाटन व शिलान्यास किया था। विधायक खैरिया ने सरपंच प्रतिनिधि जैकम खां के विकास कार्यों में विशेष रुचि लेने की प्रशंसा की। इस अवसर पर उन्होंने जरुरतमंद महिलाओं को ऊनी कंबल भी बांटे एवं ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।
कार्यक्रम में शिक्षाविद् सूरत सिंह खैरिया,पीडब्ल्यूडी के एईएन हितेश गुप्ता, जेईएन मुश्ताक खान, जिला पार्षद प्रतिनिधि सद्दीक खां, सरपंच जहाज खां, सरपंच खुर्शीद खां, सरपंच अब्बास खां, सरपंच सोहन लाल, सरपंच जमशेद खां, सरपंच फूलसिंह चौधरी, सरपंच मुसद्दी खां, मोहम्मद कासिम मेवाती, पूर्व प्रधान सुंदरलाल बसवाल, पूर्व चेयरमैन सोहनलाल,भोला राम, एमपीएस कमलेश देवी,हाजी असरुदीन सल्लम खां,साहबुद्दीन, हिम्मत खां, शंकर भगत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन सूरत सिंह खैरिया ने किया।

# कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर छह प्रतिष्ठानों का काटा चालान

मरुधर विशेष/विजय सिंह

खैरथल 9 जनवरी । तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काटे चालान । प्रशिक्षु आईएएस रिया डाबी तहसीलदार खैरथल द्वारा सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम कोटपा एक्ट के तहत सोमवार को सार्वजनिक स्थानों पर गुटका बीड़ी पीने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर कोटपा एक्ट का



उल्लंघन करनेवाले 6 प्रतिष्ठान मालिकों के चालान काटे गए। छापेमारी के दौरान नायब तहसीलदार रामकिशन, संदीप मिश्रा पटवारी, अशोक कुमार पटवारी व रूपसिंह कानूगो मौजूद रहे। इस दौरान सभी दुकानदारों को आगे से सार्वजनिक स्थानों पर कोटपा एक्ट की पालना करने की हिदायत दी गई तथा तंबाकू एवं तंबाकू के विभिन्न उत्पाद जैसे गुटका, बीड़ी, सिगरेट, खैनी आदि के सेवन से स्वास्थ्य पर पड ? वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## प्रतापगढ़ जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला कौशल समिति एवं कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की बैठक

मरुधर विशेष/शिवकुमार मौर्य

सम्पन्न हुई जिसमें समस्त सदस्य व प्रशिक्षण प्रदाता उपस्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी ने प्रशिक्षण प्रदाताओं व पीआईए को आवंटित लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।



उन्होने कहा कि जिन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण शत प्रतिशत पूर्ण नहीं किया गया है ।उनके विरूद्ध ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही हेतु मिशन को पत्र प्रेषित करवायें तथा समस्त प्रशिक्षण प्रदाताओं को निर्देशित किया कि गुणवत्तापरक प्रशिक्षण कराया जाये एवं प्रशिक्षणार्थियों को सेवायोजित भी समय से किया जाये। जिलाधिकारी ने जिला समन्वयक एवं जिला एमआईएस प्रबन्धक को निर्देशित किया कि कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की निगरानी निरन्तर करते रहे जिससे प्रशिक्षण कार्यक्रम गुणवत्तापरक ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, उपायुक्त उद्योग/जिला समन्वयक दिनेश कुमार चौरसिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला एमआईएस प्रबन्धक वन्दना सिंह, सहित मृत्युन्जय पाण्डेय अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समस्त प्रशिक्षण प्रदाता आदि उपस्थित रहे।

## गुरु गोविंद सिंह जयंती धूमधाम से मनाई

मरुधर विशेष/ विजय सिंह

किशनगढ़ बास । क्षेत्र के ग्राम भटकोल के गुरु सिंह सभा गुरुद्वारे में गुरु गोविंद सिंह जयंती धूमधाम से मनाई गई। विधायक खैरिया के निजी मीडिया सहायक सुनील कान्त गोल्डी ने बताया कि गांव भटकोल के गुरूद्वारे में गुरु गोविंद सिंह जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपचंद खैरिया एवं अतिथि प्रधान बद्री प्रसाद सुमन व सरपंच प्रतिनिधि शंकर भगत जी रहे । गुरुद्वारे कमेटी के सदस्यों ने सभी आए हुए अतिथियों का सरोपा पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक दीपचंद खेरिया व प्रधान बद्री प्रसाद सुमन ने गांव में विकास कार्य करवाने की बात कही । कार्यक्रम के दौरान अखंड पाठ साहिब का आयोजन भी किया गया व रागी जत्था द्वारा कीर्तन दरबार सजाया गया। इसके पश्चात अटूट लंगर का प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मलकीत सिंह, प्रधान जसवंत सिंह, मांग सिंह, रतन सिंह,बच्चन सिंह, गुरदयाल सिंह, राम सिंह, इंदर सिंह, श्योचन्द, राधेश्याम पूर्व पंच, अमर सिंह पंच, प्रधान गुरमीत सिंह, रणजीत सिंह, मंगल सिंह, नानक सिंह, तारासिंह सहित आसपास के गांव की संगत मौजूद रहे।



## समारोह पूर्वक मनेगी समाज सुधारक पांची देवी की पुण्यतिथि, होगी महाआरती

मरुधर विशेष/ विजय सिंह

खैरथल 9 जनवरी। समाज सुधारक लाला जयनारायण पांची देवी खंडेलवाल स्मृति ट्रस्ट की ओर से समाजसेविका पांची देवी की 8वीं पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई जाएगी।ट्रस्टी नवल किशोर झालानी ने बताया कि कस्बे के लक्ष्मीनारायण मंदिर से सटे हुए लाला जयनारायण पांची देवी उद्यान में 12 जनवरी को सुबह 10.30 बजे धार्मिक प्रस्तुतियों के उपरांत 11.15 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम में सनातन धर्मावलंबियों, प्रबुद्ध जनों और समाजसेवा से जुड़े लोगों व संस्थाओं के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया

## ठंड में ठिठुर रहे बच्चों की सहारा बनी आईएएस अधिकारी रिया डाबी,गर्म जर्सी व जूते वितरण किए

मरुधर विशेष/ विजय सिंह

खैरथल 9 जनवरी। हाड़ कंपाने वाली ठंड से निजात दिलाने के उध्येश्य से प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी रिया डाबी तहसीलदार खैरथल ने अंबेडकर छात्रावास में बच्चों को गरम जर्सी व जूते वितरण कर मानवता का परिचय दिया है।नायब तहसीलदार रामकिशन ने बताया कि प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी रिया डाबी तहसीलदार खैरथल द्वारा सोमवार को कस्बे के हरसोली रोड स्थित अंबेडकर छात्रावास में 40 बच्चों को गर्म जर्सी व जूते वितरण किए गए,इस दौरान बच्चों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर नायब तहसीलदार रामकिशन, छात्रावास अधीक्षक जयपाल सिंह गुर्जर, संदीप मिश्रा पटवारी व अन्य उपस्थित रहे। इस दौरान आईएएस अधिकारी रिया डाबी ने छात्रावास में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।



## बलराम आलनपुर ने रेवाड़ी जिला प्रमुख का किया सम्मान

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

मुंडावर - उपखंड के निकटवर्ती गांव रैणागिरी में प्रमुख आस्था का केंद्र श्री शीतल दास जी महाराज आश्रम रैणागिरी धाम में बनेसिंह मंगलेश्वर के द्वारा भंडारे का आयोजन आश्रम महंत श्री बेनामी जगतगुरु स्वामी बालकादेवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में किया गया। आश्रम में जाते हुए रेवाड़ी जिला प्रमुख मनोज यादव एवं उप जिला प्रमुख अनिल यादव का रास्ते में समाजसेवी बलराम आलनपुर, बलबीर एडवोकेट एवं रामधन बैंसला के द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। रेवाड़ी जिला प्रमुख मनोज यादव,उप जिला प्रमुख अनिल यादव, जिला पार्षद महेंद्र चौधरी, रेखा भाडावास, सरपंच विक्की चौकन सहित सैकड़ों भक्तों ने भंडारे में प्रसादी ग्रहण की । इस अवसर पर दयाराम अवाना, महावीर चौकन,दया पहलवान ,परमाल गुर्जर, राकेश पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## लोर्डिया में बालिकाओं को कंबल वितरित किये

मरुधर विशेष फलोदी। फलोदी उपखंड क्षेत्र की निकटवर्ती ग्राम पंचायत लोर्डियां में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लोर्डियां में सोमवार को तुलसी चैरिटेबल ट्रस्ट जोधपुर द्वारा जरूरतमंद बालिकाओं को कंबल वितरित किये गये। विधालय की प्रधानाचार्य शारदा व्यास ने बताया कि तुलसी चैरिटेबल ट्रस्ट जोधपुर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिये हमेशा तत्पर रहता है। सर्दी के इस मौसम में ठंड से बचाव के लिये कंबल वितरित करना बहुत ही परोपकार का कार्य है। व्यास ने ट्रस्टी हरीकिशन जसमतिया के मानव सेवा एवं परोपकारी भावनाओं के लिये आभार व्यक्त किया। इस अवसर शिक्षक सूर्यप्रकाश जीनगर, दिनेश कुमार यादव एवं विद्यालय का स्टॉफ तथा विधार्थी उपस्थित रहे।




Marudharhind24 news Private Limited के लिए महारानी प्रिन्टर्स 17 वैष्णोदेवी नगर कालवाड़ रोड़ जयपुर से मुद्रित, एवं जीवन सिंह पुरा शामदा अलवर से प्रकाशित। मो.99281-68697, 7014373732, 90797 24256